Sc

**Seat no———** | **No of printed pages-2**

(२५४A-7)

# SARDAR PATEL UNIVERSITY

**B.A.[Second Semester] Examination-2018**

**Thursday , 05th April,2018**

**Time : 10.00 Am-1.00 Pm**

**Hindi Literature-Paper-III [Core & Allied]**

**UA02CHLT03-आधुनिक हिन्दी काव्य (काव्य कलश), कुल अंक- ७०**

सूचना : हिन्दी में शिरोरेखा लगाना अनिवार्य है।

प्रश्न-१ सप्रसंग व्याख्या कीजिए (कोई तीन) १५

(क) "जगती वणिग्वृत्ति है रखती,
उसे चाहती जिससे चखती,
काम नहीं, परिणाम निरखती
मुझे वही खलता है।
दोनों ओर प्रेम पलता है।"

(ख) "तेरा निजाम है सिल दे जुबान शायर की,
ये एहतियात जरूरी है इस बहर के लिए।
जिएँ तो अपने बगीचे में गुलमोहर के तले,
मरें तो गैर की गलियों में गुलमोहर के लिए।

(ग) "सिद्धि हेतु स्वामी गये, यह गौरव की बात;
पर चोरी चोरी गये, यही बड़ा व्याघात।
सखि, वे मुझसे कहकर जाते,
कह; तो क्या मुझको वे अपनी पथ-बाधा ही पाते?"

(घ) "असंख्य कीर्ति-रश्मियाँ,
विकीर्ण दिव्य दाह-सी
सपूत मातृभूमि के-
रूको न शूर साहसी
अराति सैन्य सिन्धु में सुवाड़वाग्नि-से जलो!
प्रवीर हो जयी बनो-बढ़े चलो, बढ़े चलो!"

(च) "नवगति नवलय ताल छन्द नव
नवल कण्ठ नव जलद मन्द्र रव
नव नभ के नव विहग वृन्द को
नव पर नव स्वर दे।

प्रश्न-२ 'जो बीत गई' कविता में कवि का जीवन-दर्शन स्पष्ट कीजिए। २०

अथवा

प्रश्न-२ टिप्पणी लिखिए।

(क) 'हिमाद्रि तुंग श्रृंग से' कविता में व्यक्त राष्ट्रीय चेतना।

(ख) 'संध्या सुन्दरी' कविता में निहित प्रकृति-चित्रण।

प्रश्न-३ 'जो तुम आ जाते एक बार' कविता का भावार्थ स्पष्ट कीजिए। २०

अथवा

प्रश्न-३ टिप्पणी लिखिए।

(क) 'दोनों ओर प्रेम पलता है' शीर्षक की सार्थकता।

(ख) 'दुख नहीं कोई' कविता में निरूपित कवि का अंतःसंघर्ष।

प्रश्न-४ (अ) संक्षेप में टिप्पणी लिखिए (कोई एक)। ०८

(क) 'बीती विभावरी जाग-री' कविता का भावार्थ।

(ख) लक्षणा शब्दशक्ति का परिचय।

(ब) एक वाक्य में उत्तर दीजिए (कोई सात)। ०७

(१) महावीर प्रसाद द्विवेदी के मुख्य शिष्य कौन माने जाते हैं?

(२) जयशंकर प्रसाद की तीन छायावादी रचनाओं के नाम लिखिए।

(३) 'सन्ध्या सुन्दरी' सबके मन में कौन से भाव भर रही है?

(४) दुष्यन्त कुमार का पहला कविता-संग्रह किस नाम से कब प्रकाशित हुआ?

(५) 'दुख नहीं कोई' कविता का सन्देश क्या है?

(६) 'जो बीत गई' कविता में कवि ने कौन-कौन से उदाहरण दिए हैं?

(७) महादेवी वर्मा के काव्य की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?

(८) जयशंकर प्रसाद रचित महाकाव्य का नाम लिखिए।

(९) 'श्लेष' अलंकार किसे कहते हैं?

2